मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-383
28/10/2019

मुख्यमंत्री ने चित्रगुप्त पूजा एवं भैयादूज पर्व के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 28 अक्टूबर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज चित्रगुप्त पूजा एवं भैयादूज पर्व की पूर्व संध्या पर प्रदेश और देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि ज्ञान के अधिष्ठाता देवता चित्रगुप्त भगवान की पूजा एवं आराधना से लोगों में पढ़ने–लिखने की अभिरूचि बढ़ती है। लोगों में पढ़ने–लिखने के प्रति बढ़ती हुयी अभिरूचि के फलस्वरूप बिहार में ज्ञान और शिक्षा का प्रकाश घर–घर फैलेगा। आज का युग ज्ञान का युग है। सब के प्रयास से बिहार सुखी, समुन्नत और समृद्ध बनेगा।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे चित्रगुप्त पूजा एवं भैयादूज पर्व को पारस्परिक सौहार्द्र, सद्भाव और उल्लास के साथ मनायें।

******